प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना बड़ौत दिनांक 24.11.2026

थाना कोतवाली बडौत पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 771/26 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से चोरी किये हुए कटे हुये केवल के तार तथा ट्युबवैलों मे उपयोग होने वाले टुटा सामान बरामद।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 03.11.2026 को थाना बडौत पर वादी श्री सोमपाल पुत्र सुखपाल सिंह निवासी मलकपुर थाना बडौत जनपद बागपत ने थाना बड़ौत पर लिखित तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्त के द्वारा वादी व अन्य ग्रामीणो के ट्युबवैलों से स्टार्टर, कटआउट व केवल चोरी कर ली गयी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बडौत पर मु0अ0स0 771/26 धारा 303(2) बी.एन.एस. बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।



कार्यवाही-

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली बडौत पुलिस द्वारा थाना बड़ौत के मु0अ0सं0 771/26 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस. का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से केवल के तार कटे हुये तथा ट्युबवैलों मे उपयोग होने वाला टुटा हुआ सामान बरामद किया

गया है। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली बड़ौत पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नोटः- मुकदमा उपरोक्त में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

तरुण पुत्र हर्षवर्धन निवासी काशीराम कॉलोनी कस्बा व थाना बड़ौत जनपद बागपत उम्र करीब 28 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

- केवल के कटे तार तथा ट्युबवैलों मे उपयोग होने वाला टुटा हुआ सामान

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1- उ0नि0 श्री आदित्य कुमार थाना बड़ौत।
2- है0का0 820 अमित कुमार थाना बडौत।
3- है0का0 362 अमरजीत सिंह थाना बडौत।

प्रेस नोट थाना खेकड़ा

जनपद बागपत दिनाँक 24.11.2026

ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा रात को घूमते हुए मंद बुद्धि युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।



कार्यवाहीः-

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 23/24.11.2026 की रात्रि बड़ागांव चौकी क्षेत्र में घूमते हुए मंद बुद्धि सोनू पुत्र जगपाल उम्र करीब 22वर्ष निवासी उस्मानपुर खुर्जा बुलन्दशहर को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा खेकड़ा पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0 नि0 श्री मयंक प्रताप सिंह थाना खेकडा जनपद बागपत।

2. है0का0 08 मुकेश कुमार थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

प्रेसनोट जनपद बागपत दिनांक 24-11-2026

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देशन में जनपद में पिछले 24 घंटे के दौरान वांछित/चोरों एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत बागपत पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण-

चोरी में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी(कुल 01 अभियुक्त)-

थाना कोतवाली बडौत पुलिस द्वारा थाना बड़ौत के मु0अ0सं0 771/26 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस. का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त तरुण पुत्र हर्षवर्धन निवासी काशीराम कॉलोनी कस्बा व थाना बड़ौत को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से केवल के तार कटे हुये तथा ट्युबवैलों मे उपयोग होने वाला टुटा हुआ सामान बरामद किया गया है। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली बड़ौत पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी(कुल- 08)

1-थाना खेकड़ा-06
2-थाना बालैनी-01
3-थाना बडौत -01

धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही-(कुल 02 व्यक्ति)

1-थाना बालैनी से 02 व्यक्ति ।